नवभारत टाइम्स

~3 करोड़ की विदेशी सिगरेट बरामद, तीन गिरफ्तार

Navbharat Times| Jun 24, 2019, 06.30 AM IST

म्यांमान से तस्करी कर लाई गई थी सिगरेट, डायरेक्ट्रेट आफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस की टीम ने पकड़ा

एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ : डायरेक्ट्रेट आफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस (डीआरआई) की टीम ने म्यांमार से तस्करी कर लाई गई तीन करोड़ की विदेशी सिगरेट बरामद करने के साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तस्करी के आरोप में पकड़े गए तीनों आरोपित असोम के रहने वाले हैं। टीम के अनुसार सिगरेट की खेप लेकर लखनऊ के रास्ते जालंधर जा रहे थे।

पकड़े गए तस्करों में असोम निवासी नजीब, अजीमुल और प्रकाश शामिल हैं। डीआरआई को विदेशी सिगरेट की बड़ी खेप लखनऊ के रास्ते जालंधर ले जाने की सूचना मिली थी। इस पर टीम ने फैजाबाद रोड स्थित एक निजी इंजिनियरिंग कॉलेज के पास घेराबंदी कर दो ट्रकों को रोका। ट्रकों में प्राकृतिक रबर की खेप के बीच सिगरेट के गत्ते छिपाकर रखे गए थे। इसमें पेरिस, विन, गुडंग गरम और ऐसे लाइट ब्रांड की सिगरेट शामिल हैं, जिनकी कीमत करीब तीन करोड़ सात लाख रुपये है। ट्रकों का रजिस्ट्रेशन जम्मू-कश्मीर का है। पकड़े गए आरोपितों ने बताया कि सिगरेट की खेप को त्रिपुरा से गोवाहाटी लाए थे। इसके बाद जालंधर ले जा रहे थे। कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।